**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1264**
**सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)**

**एनसीएस पोर्टल के माध्यम से रोजगार सृजन**

**1264. श्री विजय कुमार दूबे:**
**श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि:**
**श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में, नियोक्ताओं और प्रशिक्षण एवं कैरियर मार्गदर्शन चाहने वाले अभ्यर्थियों के बीच की खाई को पाटने में राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) की राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार भूमिका क्या है;

(ख) विशेष रूप से हाथरस जिले में सक्रिय नियोक्ताओं और मौजूदा रिक्तियों की राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(ग) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेषकर हाथरस जिले में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत नए नियोक्ताओं और नए नौकरी चाहने वालों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

दिनांक 14.07.2025 तक, एनसीएस पोर्टल पर 48 लाख से अधिक सक्रिय नियोक्ता और 40 लाख से अधिक सक्रिय रिक्तियां हैं। उत्तर प्रदेश राज्य के हाथरस जिले सहित सक्रिय नियोक्ताओं और सक्रिय रिक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर उपलब्ध है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, 17 लाख से अधिक नए नियोक्ताओं और 1.45 करोड़ से अधिक नए रोजगार चाहने वालों ने एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। उत्तर प्रदेश राज्य के हाथरस जिले सहित नए नियोक्ताओं और नई रिक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर उपलब्ध है।

*****